## खबर संक्षेप

### प्रदेश का हर नागरिक लगाए एक पेड़ मां के नाम



**करनाल।** विधायक हरविंद्र कल्याण ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमें पेड़ लगाने के बाद उसको बड़ा होने तक उसकी देखभाल भी करनी है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने का यही एकमात्र तरीका है। विधायक ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन के कारण आज वातावरण में तापमान काफी बढ़ रहा है। अब 50 डिग्री से ज्यादा तापमान भी देखने को मिलता है। इसी संतुलन को बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने इस अभियान की शुरुआत की, जो 6 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जब भी गर्मी अधिक होती है तो हम पहाड़ों की तरफ रुख करते हैं, वहां पर अधिक पेड़-पौधे होने के कारण गर्मी का प्रभाव कम होता है।

### चैंपियन सीरीज में सबसे नया स्मार्टफोन पेश

**करनाल।** रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी सी63 पेश किया। रियलमी सी63 एक बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन है, जो अपने सेगमेंट में एकमात्र वेगन लैदर डिज़ाइन के साथ स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। रियलमी सी63 में 45 वॉट का फास्ट चार्जर दिया गया है, जो इसे बहुत तेजी से चार्ज कर देता है। साथ ही इसकी 5,000 एमएएच की बैटरी भारी उपयोग के बाद भी पूरे दिन पर्याप्त पॉवर प्रदान करती है। रियलमी सी63 में फ्लैगशिप लेवल के एआई अनुभव और इनोवेटिव फीचर्स जैसे एयर गेस्चर, रेनवॉटर स्मार्ट टच और इसका अत्यधिक लोकप्रिय मिनी कैप्सूल 2.0 फीचर दिए गए हैं। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा 'हम अपनी चैंपियन सीरीज में नया स्मार्टफोन, रियलमी सी63 पेश करके उत्साहित हैं। रियलमी में हम ऐसी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं,



### नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला का स्वागत

**करनाल।** संजय बठला को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा ओएसडी नियुक्त किए जाने पर हरियाणा व्यापार मंडल इकाई करनाल द्वारा हरियाणा व्यापार मंडल इकाई करनाल के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा के नेतृत्व में नेहरू पैलेस पर शानदार स्वागत किया गया। कृष्ण लाल तनेजा के कार्यालय में सभी करनाल नगर सभी व्यापारी एवं नेहरू पैलेस संगठन के सदस्यों द्वारा फूल माला द्वारा नवनियुक्त संजय बठला का स्वागत किया। संजय बठला ने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, अजित सिंह चावला, महेश भाटिया, हरमीत सिंह हैप्पी महासचिव, विपिन शर्मा उपाध्यक्ष ,रमेश मिढ़ा, नीरज उप्पल, रवि चांदना रहे।

## बढ़ रहे महिला अपराधों में कारगर साबित होंगे नए कानून: राजेश लता

# पुलिस ने छात्राओं को तीन नए कानूनों के बारे में किया जागरूक

- छात्राओं को महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा जैसे अपराधों की जानकारी दी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

पुलिस अधीक्षक करनाल श्री मोहित हाण्डा के निर्देशानुसार जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विघालय घरौंडा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विघालय, महाराणा प्रताप वरिष्ठ माध्यमिक विघालय, फुरलक रोड घरौंडा और राजकीय माध्यमिक विघालय उपली, करनाल में छात्राओं को पोक्सो एक्ट, तीन नए अपराधिक कानूनों और महिला विरूद्ध अपराधों के बारे जागरूक किया गया। निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को बताया कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, एसिड अटैक, शील भंग करने के लिए हमला करना और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं, इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दुर्गा शक्ति ऐप व दुर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है। जो सुचना मिलते ही जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर पिड़िता को सुरक्षा मुहैया करवाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की जाती है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सुरक्षा का सबसे बड़ा तरीका यह है कि यदि स्कूल आते-जाते कोई उनका पिछा करता है या रास्ता रोकने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सुचना दुर्गा शक्ति ऐप के माध्यम से पुलिस को दें, इस संबंध में आप अपने अभिभावकों या अध्यापकों को भी बताएं, ताकि आपकी समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके।

### कैसी भी घटना घटित होने पर तुरंत करें सूचित

निरीक्षक राजेश लता ने जब छात्राओं से कहा कि इन सबके अलावा भी यदि आपके आसपास किसी अन्य महिला या किसी ओर तरीके का अपराध होता है तो उसके संबंध में भी तुरंत पुलिस को सुचना दें। तभी एक छात्रा ने उनसे सवाल किया कि यदि वे इस तरीके से पुलिस को अपराधियों के संबंध में जानकारी देगीं तो ऐसा करने से क्या वो अपराधी उनके शत्रु नही बन जाएगें। उस छात्रा को समझाते हुए उन्होंने कहा कि जब आप किसी अपराधीक गतिविधि की सुचना पुलिस को देगीं तो आपकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपकी पहचान को पूर्णतया गुप्त रखा जाएगा। इसलिए समाज को अपराध मुक्त बनाने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करें।



तरावड़ी। नपा कर्मचारी अतिक्रमण अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये।

# अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का चाबुक

- मैगा क्लीनिंग ड्राइव सफाई अभियान के तहत नपा प्रशासन ने अतिक्रमण व अवैध कब्जे के खिलाफ की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

नगर पालिका प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण को लेकर अपना सख्त रवैया अपनाते हुए दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि व यदि अपने सामान को अपनी दुकानों के अंदर नहीं रखते तो उनके सामान को नगर पालिका द्वारा जप्त कर लिया जाएगा और साथ में उचित कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया जाएगा। पिछले कई दिनों से नगर पालिका के पास अतिक्रमण को लेकर शिकायतें आ रही थी। उसी को मध्य नजर रखते हुए नगर पालिका ने नडाना रोड और सौंकड़ा रोड पर बनी दुकानों के आगे बने अतिक्रमण को हटवाया। इसी दौरान नगर पालिका कर्मचारियों ने किले के पास बने अवैध रूप से पशुओं शैड को हटवाया। पशुओं का यह शैड किले के सामने तालाब के किनारे पर बना हुआ था हालांकि जिस व्यक्ति का यह शेड बना हुआ था उसको नगर पालिका द्वारा एक महीना पहले नोटिस देकर कहा भी गया कि वह अपने शैड को यहां से हटा ले। शहर को स्वच्छता के इस अभियान में सफाई सुपरवाइजर विक्रम, मीना, अमित, अशोक, अक्षय, जय भगवान, गुरमेल, अनिल, सफाई निरीक्षक नवरत्न, मुकेश, मोटीवेटर परविंदर सिंह और राजवंती रहे।

# धान की सीधी बिजाई को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



फोटो कैप्शन इंद्री 2 इंद्री के गांव गुमटो मे किसानों को जानकारी देते कृषि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इंद्री के गांव गुमटो में किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में किसानों को सीधी धान की बिजाई की जानकारी देते हुए कृषि पर्यवेक्षक अंकुश शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने पर किसानों को 4 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अनुदान राशि के लिए किसान को विभाग के पोर्टल पर पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। किसान प्रशिक्षण शिविर में कृषि पर्यवेक्षक नीतीश कुमार ने बताया कि किसान पारम्परिक विधि से धान की पौध तैयार करके धान की रोपाई खेत में करते हैं। जिसमें समय के साथ-साथ पानी की खपत बहुत ज्यादा होती है। इसके अतिरिक्त धान की रोपाई करने में श्रम भी अधिक लगता है जिससे धान की खेती पर होने वाले खर्च में वृद्धि होती है। उन्होंने किसान प्रशिक्षण में धान की सीधी बिजाई पर अपने अनुभव किसानों के साथ साझा किये और विस्तार से सीधी धान की बिजाई से होने वाले लाभों के बारे किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई से पानी की बचत होती है और खर्च में भी कमी आती है।

# भाजपा नेता कबीरपंथी ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत किया पौधारोपण

- मैगा क्लीनिंग ड्राइव सफाई अभियान के तहत नपा प्रशासन ने अतिक्रमण व अवैध कब्जे के खिलाफ की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



तरावड़ी। बूथ नंबर 87 पर पौधारोपण करते पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाये गये अभियान मे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंडल के बूथ नंबर 87 पर पौधे लगाये। व उनके पालन पोषण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 दिनों पहले एक पौधा मां के नाम पौधारोपण अभियान की शुरुआत की है। इस कड़ी को आगे बढ़ते हुए आज भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया और हर बूथ स्तर पर कार्यक्रमों को अपने-अपने बूथ पर पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि इस अभियान को पूरे मंडल मे तेजी से आगे बढ़ानें का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में गांव के सरपंच भाई हरीश, मंडल अध्यक्ष बलबीर मराठा, जिला महामंत्री जयभागवान सीकरी, जिले सिंह, कृष्ण, पंकज,जगदीश, रेख रानी पूर्व सरपंच,बलकार अन्य गणमान्य साथियों की उपस्थित रहे।




तरावड़ी। गौशाला मे पौधारोपण करते हुये कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रोफेसर राजेश

### बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भड़के कांग्रेसी

**तरावड़ी।** कांग्रेस के 31 सदस्यीय दल ने गुरुवार को बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल के लोगों की सुरक्षा नहीं कर सकते तो नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दें। दो दिन पहले कुटेल में एएसआई संजीव की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस प्रशासन इन बदमाशों को पकड़ नहीं पाया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि एएसआई संजीव के परिवार को सरकार एक करोड़ रुपए देकर आर्थिक मदद करे। संजीव के पुत्र को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। करनाल-यूपी बॉर्डर को सील किया जाए। उन्होंने कहा कि छुट्टी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों को असला रखने की अनमुति मिलनी चाहिए। हरियाणा में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। नायब सरकार प्रदेश की जनता की सुरक्षा में विफल साबित हुई है। कांग्रेस की ओर से एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि करनाल की कानून-व्यवस्था न केवल लचर-पचर हो रही है बल्कि जंगल राज जैसी स्तिथि कर्ण की नगरी करनाल में दिखाई दे रही है।

# गो ग्रीन इंडिया अभियान के तहत स्कूल घिसरपुरी में 150 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



फोटो कैप्शन इंद्री 4 इंद्री के गांव घिसरपुरी स्थित सरकारी स्कूल मे पौधारोपण

निफा की इंद्री शाखा द्वारा चलाए जा रहे गो ग्रीन इंडिया अभियान के तहत सरकारी स्कूल घिसरपुरी के प्रांगण में 150 छायादार व फलदार पौधे रोपित किए। इस अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय घिसरपुरी के मुख्याध्यापक डॉ सुरेंद्रदत्त ने कहा कि पौधारोपण का अभियान अभी निरंतर जारी है और जिस भी स्कूल में पौधे लगाये जा रहे है वहाँ के स्टाफ व विद्यार्थी पौधों की पूर्णतया देखभाल करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि निफ़ा की सभी शाखाएं पूरे देश में गो ग्रीन अभियान को जिला व ब्लॉक स्तर पर लगातार चला रही है ताकि वातावरण की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि पेड़ सभी को छाया,फल,लकड़ी के साथ साथ जीवन का आधार ऑक्सीजन भी देते है व तापमान को भी नियंत्रित करते है। आज देश में बहुत से राजमार्ग बन रहे है जिसके कारण पेड़ो की कटाई लगातार जारी है,जिससे तापमान में लगातार वृद्धि जारी है जिसे केवल पौधारोपण से ही रोका जा सकता है। इस अवसर पर शिव शर्मा, करणजीत सिंह, चिराग कथूरिया, अनिल जांगड़ा, गोपाल शर्मा, नीरू देवी व स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।



तरावड़ी। गौशाला मे पौधारोपण करते हुये कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रोफेसर राजेश

### पौधारोपण का कार्य पुनीत व पावन है: राजेश वैध

**तरावड़ी।** बरसातों के इस मौसम में हर किसी को एक एक पौधा लगा कर अपने मानव धर्म का पालन करना चाहिए और इंसान होने का अपना फर्ज अदा करना चाहिए। उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रोफेसर राजेश वैध ने श्री गोपाल कृष्ण गौशाला बोहला खालसा गौशाला मे पौधारोपण करने के बाद व्यक्त किए। उन्होंने सभी इलाके के मौजिज व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों को इस पावन कार्य के लिए आगे आने का आहवान किया। इस दौरान गौशाला प्रांगण में आम, वट वृक्ष, पीपल, नीम समेत अनेक प्रकार के करीब 100 पौधे लगाए गए। इस अवसर गौशाला प्रधान लाला सुन्दर गुप्ता व उप प्रधान जगदीश चौधरी संवत समेत गौशाला कमेटी के सभी सदस्यों ने फूल मालाओ से व राधा कृष्ण का पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गौशाला उप प्रधान महेंद्र सिंह, एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा, सत्यनारायण, पूर्व सरपंच कृष्ण वाल्मीकि, उदय सिंह, बलराज, प्रदीप शर्मा, कुलदीप सिंह समेत गौशाला कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिगा पुलिस की हिरासत से गायब

- सीसीटीवी फुटेज में भी दिखाया गया है कि नाबालिग थाने से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा के करनाल के सेक्टर-6 से दो दिन पहले लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने बरामद कर लिया था, लेकिन वह फिर पुलिस हिरासत से गायब हो गई। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। । आरोप है कि लड़की के साथ छेड़छाड़ भी की गई, लेकिन पुलिस ने अभी तक उसका मेडिकल परीक्षण तक नहीं कराया। नाबालिग की मां ने बताया कि 1 जुलाई को नाबालिग अचानक घर से लापता हो गई थी। इसके बाद सूचना मिली कि नाबालिग को एक घर में बंधक बनाकर रखा गया है। दो जुलाई को पुलिस के सहयोग से उस घर का दरवाजा तोड़कर नाबालिग को मुक्त किया गया। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ थाने ले गई, लेकिन नाबालिग का कोई मेडिकल नहीं हुआ। (चाइल्ड वेलफेयर कमेटी) में नाबालिग ने बयान दिया कि वह अपने माता-पिता के साथ जाने के लिए तैयार है, बशर्ते उसका मेडिकल करवाया जाए। पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल:एडवोकेट सोनिया तंवर ने आरोप लगाया कि नाबालिग सेक्टर-32-33 थाना से गायब हो गई। जब एसएचओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बच्ची को उसके मां-बाप के साथ भेज दिया गया है, जिसका लिखित में भी बयान है। लेकिन नाबालिग ने अपने माता-पिता के साथ जाने से इनकार किया है। सीसीटीवी फुटेज में भी दिखाया गया है कि नाबालिग थाने से गायब हुई है।

### 50 साल की महिला वाइक से गिरी, मौत

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में 50 वर्षीय महिला संतोष देवी चलती बाइक से गिर गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 3 जुलाई की रात की है। जब संतोष देवी अपने बेटे के साथ डाचर से करनाल लौट रही थी। आज पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संतोष देवी के बेटे ने बताया कि वह कल देर शाम अपनी मां के साथ बाइक पर करनाल के अल्फा सिटी लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक शाहपुर गांव के पास पहुंची तो संतोष देवी अचानक बाइक से गिर गई। उसके बेटे ने बताया कि शायद उसकी मां को झपकी आ गई थी, जिस कारण वह बाइक से गिर गई। तुरंत उन्हें करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## माह के तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत में सुने जाते हैं वाद

# सीजेएम ने जिला जेल में लगाई स्पेशल लोक अदालत

- 4 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया, इनमें से 3 केसों में 4 को अंडरगोन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। जेल में कैदियों से बातचीत करते हुए सीजेएम डा. सविता।

मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डॉ सविता कुमारी द्वारा जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 4 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया। इनमें से 3 केसों में 4 को अंडरगोन किया गया। इस अवसर पर सुपरिटेंडेंट जिला जेल अमित भादू, डिप्टी सुपरिटेंडेंट जिला जेल शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित रहे। डॉ सविता कुमारी ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल के द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है, तो वह सुपरिटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अर्थोरिटी द्वारा पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। डिप्टी सुपरिटेंडेंट जिला जेल शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम डॉ सविता कुमारी को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो, तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### मुख्य दंडाधिकारी ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

करनाल। भागे हुए जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ सविता कुमारी ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन, करनाल स्थित सेफ हाउस का दौरा किया ताकि जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर किया जा सके और उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। डॉ सविता कुमारी ने बताया कि सेफ हाउस में कुल 5 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था और बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया था। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है। जोड़ों से व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई।

